प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 41/2020)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने नेट निरपेक्षता ट्रैफिक प्रबंधन पद्धितयां (टीएमपी) पर खुला मंच चर्चा का आयोजन किया

नई दिल्ली, 26 जून, 2020: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए, नेट निरपेक्षता ट्रैफिक प्रबंधन पद्धितयां (टीएमपी) पर 24 जून, 2020 को खुला मंच चर्चा का आयोजन किया है। यह दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा नेट निरपेक्षता के संबंध में मांगी गई अतिरिक्त सिफारिशों के संदर्भ में किया गया था, जिस विषय पर भादूविप्रा ने नवंबर 2017 में अपनी सिफारिशें दी थीं। "नेट निरपेक्षता" के मुख्य सिद्धांतों को स्थापित करने के बाद, अतिरिक्त सिफारिशें ट्रैफिक प्रबंधन पद्धितयां, जिन्हें टीएसपी अपना सकते हैं और नेट निरपेक्षता के मूल सिद्धांतों की निगरानी और उन्हें लागू करने के लिए अपेक्षित संस्थागत तंत्र के संबंध में हैं ।

2. ओएचडी, हितधारकों के लिए आमने-सामने की बैठकों में भाग लेने, अपने विचारों को व्यक्त करने और तर्कों का अन्य तरीके से समर्थन या विरोध करने का अवसर प्रदान करते हैं। हितधारकों द्वारा लिखित टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के बाद ओएचडी का आयोजन किया जाता है। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और परामर्श को अधिक सहभागी बनाना हमेशा भादूविप्रा की परामर्श प्रक्रिया का हिस्सा रहा हैं।

3. अन्य बैठकों और सम्मेलनों की तरह, ओएचडी का इस्तेमाल बेहतर बातचीत के लिए लोगों की सशरीर सभा के रूप में किया जाता था। हाल ही में, कोविड-19 की स्थिति ने हमें सशरीर बैठकों और ओएचडी करने से बचने के लिए मजबूर किया है, जो परामर्श प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्सा है। भले ही ओएचडी को सामाजिक दूरी के नियम के साथ आयोजित करने की योजना बनाई गई हो मगर कार्यक्रम में लोगों की उपस्थिति कम हुई है और इस प्रकार ओएचडी ने "OPEN" के अपनी मूल विशेषता को खो दिया है क्योंकि इसमें लोगों की संख्या भी सीमित कर दी गई है। और यहां तक कि अगर कोई आमंत्रित सूची का हिस्सा होता, तो वह ओएचडी में शामिल नहीं हो पाता है क्योंकि उसे देश के दूसरे हिस्से से यात्रा करने के लिए कहा जाता है।

4. भादूविप्रा को एक नई व्यवस्था को तैयार करना था, ताकि यह सामाजिक दूरी के नियम के साथ और परामर्श प्रक्रिया के चरण से समझौता किए बिना ओएचडी का आयोजन कर सकें। इसे

पूरा करने के लिए, भादूविप्रा ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस प्लेटफॉर्म पर ओएचडी का आयोजन करना शुरू कर दिया है, जो हितधारकों को लगभग उसी तरीके से दूरस्थ रूप से भाग लेने की अनुमति देता है जैसे पूर्व की ओएचडी में हुआ करता था।

5. हाल ही में 24 जून को आयोजित वर्चुअल ओएचडी में, विभिन्न संगठनों/क्षेत्रों जैसे कि दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी), इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी), कानून फर्म, प्रौद्योगिकी फर्म, मीडिया, अकादमिया और दूरसंचार, इंटरनेट, ब्रॉडबैंड, वाणिज्य और उद्योग आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघों से 125 से अधिक ने भाग लिया। इसमें विभिन्न देशों जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, हांगकांग आदि से अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी भी थे। विषय की प्रख्यात हस्तियों जैसे स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर बारबरा स्कैविक ने भी भाग लिया है। ऑनलाइन भागीदारी सुविधा ने अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता को सक्षम किया है। वर्चुअल ओएचडी ने परामर्श प्रक्रिया को अधिक समावेशी, सहभागी और सही मायने में अंतर्राष्ट्रीय बना दिया है।

6. भादूविप्रा अपनी परामर्श प्रक्रिया को अधिक व्यापक और आकर्षक बनाने के लिए अपना यह प्रयास जारी रखेगा। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए श्री असित कादयान, सलाहकार (क्यूओएस) से टेलीफोन 01 1-23230404, ईमेल advqos @ trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा

<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति मान्य होगी।</u>